वारदात

**प्रॉपर्टी विवाद पर घर से लेकर सड़क तक बहाया लहू, घमापुर बल्दीकोरी की दफाई में डबल मर्डर से सनसनी**

# छोटे ने बड़े भाई-भाभी को चाकू से गोदकर की हत्या



**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत बल्दीकोरी की दफाई में छोटे भाई ने बड़े भाई और भाभी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। लंबे समय से भाईयों के बीच चला आ रहा विवाद शुक्रवार सुबह दस बजे खून में ऐसा तब्दील हुआ कि छोटे भाई ने घर से लेकर क्षेत्र की सड़क तक अपनों का लहू बहाया। भैया-भाभी पर चाकू से दनादन वार किए। भाई ने घर में ही दम तोड़ दिया। बड़ा भाई जान बचाकर गालियों में भागा तो आरोपित चाकू लेकर पीछा करते हुए भागा और सरेराह वार कर गिरा दिया इसके बाद ताबड़तोड़ चाकू चलाए, पेट, पीठ, हाथ, सिर में वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौक से फरार हो गया। डबल मर्डर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई और छानबीन शुरू करते हुए प्रकरण दर्ज कर आरोपित भाई की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### जमीन पर बने मकान में हक लेने उजाड़ा घर

पुलिस के मुताबिक बल्दी कोरी दफाई में रहने वाले संजय चौधरी और उसके छोटे भाई बबलू चौधरी के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों ही भाईयों का पैतृक मकान अलग-अलग हिस्सा है। दोनों के मकान अगल-बगल बने है। बब्लू पुश्तैनी मकान में निवासरत है जबकि संजय ने दादा रामलाल की बगल में खाली जमीन मकान बनाया था। जिसमें भी बबलू हिस्सेदारी मांग रहा था। उसका कहना है कि दादा की जमीन पर उसका भी हक है। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों के बीच आए दिन विवाद होने लगा था। परिजन समझाइश देने के साथ विवाद को किसी तरह शांत करा देते थे। शुक्रवार सुबह दस बजे बबलू हाथ में चाकू लेकर पहुंचा और हिस्सा मांगते हुए विवाद करने लगा। बबलू और संजय चौधरी के बीच विवाद बढ़ता देख परिजन बीच बचाव करने लगे। इसी बीच बबलू ने चाकू से वार करना शुरू कर दिए। संजय 45 वर्ष और उनकी पत्नी बबीता चौधरी 40 वर्षीय पर हमला किया। बबीता की मौत हो गई। बड़ा भाई भागा तो बब्लू चाकू लेकर उसके पीछे दौड़ा और उसकी भी हत्या कर भाग निकला।

### नाकेबंदी हुई फेल कातिल हुआ फरार


पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की। शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात हुआ लेकिन नाकेबंदी फेल हो गई और कातिल भाग निकला। देर शाम तक आरोपित का सुराग नहीं लगा। सीएसपी मधुर पटेरिया का कहना रहा कि आरोपी भाई बबलू चौधरी की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है फिलहाल वह फरार चल रहा है। घमापुर पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों पर नाकेबंदी कर दी है जिसे जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

### मौका-ए-वारदात से जुटाए साक्ष्य

सूचना पर पुलिस के साथ एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई थी। खून से लथपथ शवों को पीएम के लिए रवाना करने के साथ जांच पड़ताल शुरू हुई। फॉरेंसिक टीम ने खून के धब्बो समेत अन्य महत्वपूर्ण जुटाए।

### खौफनाक वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद

वारदात का खौफनाक सीसीटीव्ही फुटेज भी सामने आया जिसमें आरोपी अपने भाई पर चाकू से वार करते नजर आ रहा है। बीच सड़क पर वह बड़े भाई के पेट में चाकू से वार करते नजर आ रहा है आरोपी की पत्नी पूजा बचाव करती नजर आ रही है इस बीच घायल तड़पता दिखाई दे रहा है बाद वह उठकर भागने लगा लेकिन उसने दमतोड़ दिया।



### नहीं पहुंची एम्बुलेंस, मालवाहक में ले गये शव, क्षेत्र में तनाव

स्थानीयजनों का आरोप रहा कि सूचना देने के बाद भी एम्बुलेंस नहीं पहुंची इसके बाद शवों को मालवाहक में अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया, वहीं पुलिस भी काफी देरी से पहुंची। डबल मर्डर को लेकर क्षेत्र में तनाव फैल गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया, एफएसएल अधिकारी डॉक्टर श्रीमति नीता जैन भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे।

### सहमे मासूम भतीजे ने भागकर बचाई जान

जब छोटा भाई बड़े भाई और भाभी पर ताबड़तोड़ तरीके से चाकू से वार कर रहा था तब दंपत्ति का छह वर्षीय बेटा वहीं मौजूद था माता-पिता को खून से लथपथ देख वे सहम गया और चीज पुकार मचाते हुए अपनी जान बचाते हुए घर से भागकर पड़ोसी के यहां पहुंच गया। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। जबकि मृतक दंपत्ति का बड़ा बेटा दस वर्षीय नाना-नानी के घर गया हुआ था।

### खून से लथपथ बहन बोली: मुझे और जीजा को पति-पत्नी ने मारे चाकू

महेन्द्र सतनामी 37 वर्ष निवासी कांचघर ने पुलिस के बताया कि वह बहन के घर बल्दीकोरी की दफाई पहुंचा तो देखा कि जीजा संजय चौधरी को उनका छोटा भाई बबलू चौधरी चाकू से कई जगह वार कर रहा था, उसे देखकर बबलू चाकू लेकर भाग गया। जीजा संजय चौधरी बेहोश होकर गिर गये जिन्हे हाथ, पैर, सीने, पेट में काफी चोटे थी, अंदर जाकर देखा तो उसकी बहन बबीता खून से लथपथ जमीन पर पडी थी, उसने बहन से पूछा क्या हुआ तो बतायी कि बबलू एवं बबलू की पत्नि पूजा ने मुझे एवं तुम्हारे जीजा संजय चौधरी को मकान बटवारे की बात को लेकर चाकूओं से हमला किया। इतना कहकर बहन बेहोश हो गई थी। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

### शवों से लिपटकर रोते-बिलखते रहे परिजन, एक साथ उठी अर्थियां

भाईदूज पर बहने घर आई थी। परिवार में खुशियों का माहौल था लेकिन संपत्ति विवाद में बहे अपनों के लहू के बाद मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। पीएम के बाद दोपहर तीन बजे जब शव निवास पर पहुंचे तो परिजन शवों से लिपटकर रोते-बिलखते रहे। दोनों की जब अर्थियां उठीं तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। घमपुर मुक्तिधाम में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। इस वारदात से परिजन सदमे में है।

## बहुमत के साथ बिहार में एनडीए बनाने जा रहा है सरकार: वीरेंद्र खटीक

**सामाजिक न्याय, अधिकारिता विभाग के मंत्री ने जबलपुर प्रवास पर किया दावा**

**कांग्रेस पर तंज कसते हुए दीं तीखी प्रतिक्रिया**



**नवभारत,जबलपुर।** बिहार में एक तरह से चुनाव हो चुका है, एनडीए पूरी बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाने जा रहा है। जिनके गठबंधन के पास में एक दिन पहले तक टिकटों का फैसला नहीं कर पाने की क्षमता है तो वे एनडीए को चुनौती देने की स्थिति में न तो कल थे और न ही आज हैं। ये सारी बातें शुक्रवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के मंत्री वीरेंद्र खटीक ने जबलपुर प्रवास पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक शहर में आयोजित रोजगार मेले में शामिल हुए थे।

### बिहार की जनता सब समझ चुकी है

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि लंबे समय तक जिनके परिवार 4 घोटाले में लिप्त थे उन्हें बिहार की जनता बहुत अच्छी तरह से समझ चुकी है, पहचान चुकी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री खटीक ने कहा कि कांग्रेस पहले अपना मजबूत संगठन खड़ा करे फिर प्रशिक्षण देने की बातें करे। उधर जबलपुर में शनिवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के आगमन पर कहा कि देश के किसी भी भग में उनके कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं उन्हें कोई निर्देशित नहीं कर सकता।

### रोजगार मेले में सिफारिश करने, पर्ची देने का दौर हुआ खत्म

केंद्रीय सामाजिक, न्याय, अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक ने रोजगार मेले में शामिल होने के बाद अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के करीब 40 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेला पूरी तरह से पारदर्शी है, अब वो समय बीत गया है जब नौकरी के लिए सिफारिशें करने और पर्ची देने का दौर चलता है, अब तो रोजगार मेले में युवाओं को सीधे नौकरी देकर उन्हें आगे जाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जबलपुर में शुक्रवार को 95 युवक-युवतियों को विभिन्न विभागों में नौकरी के नियुक्ति पत्र भी केंद्रीय मंत्री द्वारा वितरित किए गए। जिन्हें पाकर युवक-युवतियों के चेहरे में खुशी की चमक बिखर उठी। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्ष 2022 में रोजगार मेले की शुरूआत देश के हर जगह पर की गई थी और 1 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था। केंद्रीय मंत्री के अनुसार यही लक्ष्य अब पूरा हो चुका है।

## भोपाल जेल से हिस्ट्रीशीटर रज्जाक को उठा लाई पुलिस

**▶ ओमती थाने में दर्ज प्रकरण में गिरफ्तारी, कोर्ट में किया पेश**

**जबलपुर।** शातिर बदमाश अब्दुल रज्जाक को ओमती पुलिस भोपाल जेल से उठाकर जबलपुर लेकर आ गई। फरियादी को धमकाने के प्रकरण मेंउसकी गिरफ्तारी की गई। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक ओमती थाने में अब्दुल रज्जाक पिता अब्दुल वहीद 65 वर्ष निवासी नया मोहल्ला थाना ओमती ने फरियादी को धमकाया था। साथ ही गवाही बदलने का दबाव बनाया था। पुलिस ने सन् 2023 में धारा 195ए, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया था। शुक्रवार को आरोपी अब्दुल रज्जक पिता अब्दुल वहीद 65 वर्ष निवासी नया मोहल्ला थाना ओमती का इस प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि हत्या के प्रयास, हथियारों का जखीरा बरामद होने, गवाह, फरियादी को धमकाने, फर्जीवाड़े समेत अन्य प्रकरण अब्दुल रज्जाक पर दर्ज है और अब्दुल रज्जाक लंबे समय से जेल में बंद है।

### पैंगोलिन की एक्सीडेंट में हुई मौत

**जबलपुर।** वन परिक्षेत्र पनागर अंतर्गत कुशनेर तिराहे के पास में अज्ञात वाहन ने पैंगोलिन कुचल दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के साथ पैंगोलिन के शव को लिया इसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में पोस्टमार्टम हुआ जिसमें खुलासा हुआ कि पैंगोलिन की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। वन विभाग ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध कार्बाइड गन पटाखों का नहीं होगा प्रदर्शन

**कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध, एसडीएम को दिए कार्यवाही के निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोहा-स्टील एवं पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (सामान्यत: कार्बाइड गन के नाम से कहे जाने वाले) के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति, संस्था, व्यापारी इन प्रतिबंधित वस्तुओं का निर्माण, भंडारण, क्रय- विक्रय नहीं करेगा। साथ ही जिले में पदस्थ सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को उनके क्षेत्र में किसी भी दुकान या गोदाम में कार्बाइड गन या इसके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का भंडारण या विक्रय पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने कें निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि कैल्शियम कार्बाइड जैसी सामग्री के कारण इन उपकरणों से निकली सामग्री आँखों तथा चेहरे को गंभीर क्षति पहुँचा सकती है और आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57